# भातखंडे विवि खेलकूद : बैडमिंटन में अभिमन्यु, कैरम में फातिमा प्रथम

लखनऊ। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का सोमवार को रस्साकशी के साथ समापन हुआ। फिट इंडिया अभियान के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बैडमिंटन, रस्साकशी, कैरम और शतरंज में उत्साह से हिस्सा लिया। बैडमिंटन पुरुष वर्ग में अभिमन्यु को पहला और कार्तिकेय पांडेय को दूसरा स्थान मिला। महिला वर्ग में आकृति शर्मा पहले और प्राची मिश्रा दूसरे स्थान पर रहीं। रस्साकशी में पार्थ, कार्तिकेय पांडेय, अखिल, लोकेश शुक्ला, मृदुल कृष्ण, अंकुश, आयुष्मान शाह और प्रबोध मिश्रा की टीम विजेता रही। कैरम जूनियर में वाजिहा फातिमा प्रथम और अग्रिम चतुर्वेदी उपविजेता रहे। सीनियर में राजदीप शुक्ला, तालिब हुसैन और कार्तिकेय पांडेय क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। शतरंज महिला में प्रियंवदा को प्रथम और आद्विका को दूसरा व पुरुष में लोकेश शुक्ला को पहला स्थान मिला। वेद प्रकाश दूसरे और प्रबुद्ध दीपांकर तीसरे स्थान पर रहे। कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने विजेताओं को बधाई दी। आयोजन डॉ. मनोज कुमार मिश्रा के निर्देशन में हुआ। (माई सिटी रिपोर्टर)

Scanned with OKEN Scanner